PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Amar Ujala, Delhi**
**Wednesday 23rd April 2014, Page: 11**
**Width: 12.78 cms, Height: 12.02 cms, a4, Ref: pmin.2014-04-23.44.82**

# नोवार्टिस ने खरीदा जीएसके का कैंसर दवा कारोबार

**16 अरब डॉलर में हुआ सौदा, दोनों कंपनियां बनाएंगी साझा उपक्रम**

**नोवार्टिस अपने वैक्सीन कारोबार को 7.1 अरब डॉलर में जीएसके को देगी**



**लंदन।** दवाएं बनाने वाली दुनिया की दिग्गज कंपनी नोवार्टिस ग्लैक्सो स्मिथलाइन (जीएसके) की कैंसर दवाओं के कारोबार को खरीद रही है। यह सौदा 16 अरब डॉलर में होगा। इसके बदले में नोवार्टिस अपने वैक्सीन कारोबार को 7.1 अरब डॉलर में जीएसके को देगी। दोनों कंपनियों के बीच संयुक्त उपक्रम (जेवी) शुरू करने के लिए किए जा रहे इस सौदे को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। दोनों कंपनियों की ओर से अलग-अलग जारी बयान में जानकारी दी गई है।

कारोबार में बदलाव की योजना के तहत दोनों कंपनियां उपभोक्ता स्वास्थ्य देखभाल कारोबार के लिए एक साझा कंपनी बनाएंगी। अलग-अलग बयान में दोनों कंपनियों ने कहा कि वे नोवार्टिस के ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) विभाग का जीएसके उपभोक्ता कारोबार के साथ मिलाकर 10 अरब डॉलर सालाना बिक्री वाला दुनिया का प्रमुख उपभोक्ता स्वास्थ्य देखभाल व्यावसाय खड़ा करेंगे। इसमें ब्रिटेन की जीएसके की 63.5 फीसदी की मुख्य हिस्सेदारी होगी।

जानकारी के मुताबिक स्विटजरलैंड की कंपनी नोवार्टिस जीएसके के कैंसर उत्पादों को 14.5 अरब डॉलर और इस क्षेत्र में अन्य अनुसंधान एवं विकास के काम को 1.5 अरब डॉलर तक में खरीदने पर सहमत हुई है। दूसरी ओर नोवार्टिस अपने वैक्सीन कारोबार को 7.1 अरब डॉलर जमा रॉयल्टी के साथ जीएसके को बेचेगी। इसमें फ्लू वैक्सीन कारोबार को शामिल नहीं किया गया है। नोवार्टिस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जोसेफ जिमेनेज ने इस करार के बारे में कहा कि सौदा नोवार्टिस के लिए कारोबार में बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। दूसरी ओर जीएसके सीईओ सद एंड्रयू विटी ने सौदे को दोनों ही कंपनियों के लिये फायदेमंद बताया। एजेंसी